नसीम अल बहर

स्रोत: पी.आई.बी

भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास नसीम-अल-बहर अक्टूबर 2024 में **गोवा में** आयोजित किया गया। इसमें **आईएनएस त्रिकंद और डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान ने ओमान पोत अल सीब की रॉयल नेवी** के साथ भाग लिया।

- **नसीम अल बहर:** पहला अभ्यास वर्ष 1993 में आयोजित किया गया था। यह **दो चरणों में आयोजित किया जाता है**।
- **हार्बर चरण: इसमें व्यावसायिक बातचीत (जिसमें विशेषज्ञता का आदान-प्रदान और योजना बैठकें होती हैं) के साथ खेल एवं सामाजिक कार्यक्रम शामिल होते हैं।**
- समुद्री चरण: इसमें सतह पर स्थित लक्ष्यों पर बंदूक से फायरिंग, निकट दूरी पर विमान भेदी फायरिंग तथा समुद्री दृष्टिकोण पर पुनःपूर्ति (RASAPS) शामिल हैं।
- भारत और ओमान के बीच अन्य अभ्यास:
  - **सैन्य अभ्यास:** अल नजाह
  - **वायु सेना अभ्यास:** अभ्यास ईस्टर्न ब्रिज VI।
- **भारत और ओमान:**
  - वर्ष 2022 में **ओमान के कच्चे तेल के निर्यात के संदर्भ में** भारत, **चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा** बाज़ार रहा।
  - वर्ष 2022 में भारत **ओमान के गैर-तेल निर्यात के संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब के बाद चौथा** सबसे बड़ा बाज़ार रहा और यह संयुक्त अरब अमीरात के बाद इसके **आयात का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत** रहा।
  - वर्तमान में भारत और ओमान **व्यापार समझौते** के संबंध में प्रयासरत हैं।

//

और पढ़ें: [भारत-ओमान द्वपिक्षीय बैठक]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-naseem-al-bahr